तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 10 अगस्त 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 सतर्कता प्रकोष्ठ ने पकड़ी रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव में पंजीयन ...



14 करप्शन में जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही भाजपा ...





श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग

हुडको, भिलाई (छ.ग.)

(2005 से संचालित)

नर्सिंग

B.Sc.(N)

M.Sc.(N) | P.B.B.Sc.(N)

7489713804, 9926129192

For Online Admission

Visit : www.sscnbhilai.com


# सीएम साय ने फोन लगाकर कलेक्टर से कहा- तत्काल हटाओ जिला मुख्यालय से पटवारी को

## राजधानी पहुंच भाजपा नेता शिव साहू और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- कोबिया व मोहभट्ठा पटवारी पर जिला प्रशासन ने की कारवाई ,एसडीएम ने हटाया

जिला मुख्यालय के दो पटवारियों पर तत्काल प्रभाव से कारवाई करने सीएम विष्णुदेव साय ने कलेक्टर को फोन लगाकर निर्देश दिया। जिसके उपरांत जिला प्रशासन ने शहर के कोबिया हल्का पटवारी दिनेश नामदेव व मोहभट्ठा के पटवारी कुंदन सिंह राजपूत हटाते हुए अन्यंत्र हल्के में भेज दिया। हटाए गए दोनों पटवारियों के स्थान पर एसडीएम ने कोबिया हल्का का प्रभार पटवारी सुरेश वर्मा को दिया, वही मोहभट्ठा हल्का का पटवारी गोपेश्वर मांडले को बनाया गया।

दरअसल गुरुवार को भाजपा नेता व पूर्व पार्षद शिव साहू के नेतृत्व में पार्षद नीतू कोठारी सहित भाजपाई राजधानी स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर जिला मुख्यालय में पदस्थ दोनों पटवारियों की कार्यप्रणाली को लेकर शिकायत दर्ज कराई। भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की शिकायत को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया और तुरंत कलेक्टर रणवीर शर्मा से डायरेक्ट फोन लगाकर दोनों पटवारी को हटाने का निर्देश दिया । जिसके पश्चात कलेक्टर ने एसडीएम से दोनो पटवारी को तत्काल प्रभाव से आदेश जारी कर हटाने कहा। एसडीएम ने गुरुवार शाम आदेश जारी कर दोनों पटवारियों को हटाने की कारवाई करते हुए दिनेश नामदेव को खिलोरा हल्के में वही कुंदन सिंह का नवागढ़ ब्लाक पेंड्रीतराई में पदस्थापना की।



### पटवारियों की कार्यप्रणाली से सरकार और पार्टी पर पड़ रहा था विपरीत प्रभाव : शिव

शहर भाजपा उपाध्यक्ष व पूर्व पार्षद शिव साहू ने बताया कि दोनों पटवारियों की कार्यप्रणाली से सरकार और पार्टी के साथ- साथ विधायक दीपेश साहू की विकासमुखी छवि पर विपरीत प्रभाव आमजनों के बीच पहुंच रहा था। भाजपा के कार्यकर्ताओं में भी नाराजगी पनप रही थी। प्रशासन से भी इन पटवारियों की कार्यप्रणाली पर अंकुश लगाने कहा गया ,पर कोई सुधार नहीं होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर उन्हे कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र की जनता की भावनाओं से अवगत कराया गया । जिस पर सीएम श्री साय ने तत्काल एक्शन लेते हुए कलेक्टर को निर्देशित किया।

## खबर संक्षेप

### जलाभिषेक के लिए कल निकलेगी कांवड़ यात्रा

**बालोद/कलंगपुर।** श्रावण मास पर वटकेश्वर महादेव समिति एवं समस्त ग्रामवासी कलंगपुर के तत्वावधान में 11 अगस्त रविवार को बम-बम भोले के नारे व बाजे गाजे के साथ भव्य कांवड़ यात्रा बस स्टैंड स्थित वटकेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर धार्मिक एवं पावन धाम जय जोगीमठ बाबा मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी, जहां भोलेशंकर के मंदिर में जलाभिषेक किया जायेगा। साथ ही इस दौरान महाप्रसादी का भी वितरण किया जायेगा। उक्त जानकारी समिति के सदस्य खिलावन सिन्हा ने दी।

### आर्किटेक्ट के घर में दिन-दहाड़े चोरी

**भिलाई।** स्मृतिनगर पुलिस चौकी अंतर्गत प्रोफेसर कॉलोनी नेहरूनगर में दिन-दहाड़े.एक आर्किटेक्ट के घर में चोरी हो गई। अज्ञात चोर घर में घुसा और बेडरूम में रखी आलमारी से 500-500 रुपए की दो गड्डी यानी 1 लाख और एक-एक रुपए की एक गड्डी ले भागा। इस प्रकार अज्ञात चोर ने 1.01 लाख रुपए की चोरी की। आर्किटेक्ट अजय पिता अमरेंद्र मित्रा (44 वर्ष) ने स्मृतिनगर पुलिस से मामले की शिकायत की है। उन्होंने कहा कि 6 अगस्त को वह शाम करीब 5 बजे कुछ काम से चौहान टाउन गया थाा, जहां से रात 8 बजे लौटा। आने पर देखा तो घर का गेट खुला हुआ था। अंदर चोरी हो चुकी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी की मदद से आरोपी की तलाश कर रही है।

### रोजगार के लिए 16 अगस्त को कार्यशाला

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन द्वारा रोजगार उपलब्ध कराने प्रयास शुरू किया गया है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा स्वरोजगार स्थापित करने प्रशिक्षण की पूरी जानकारी संस्था द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बैंको से ऋण उपलब्ध कराकर स्वरोजगार हेतु योजना प्रारंभ की गई है। इसी क्रम में जिला उद्योग केन्द्र के सहयोग से 16 अगस्त को एक कार्यशाला का अयोजन किया गया है। इच्छुक बेरोजगार युवक-युवती इसमें शामिल हो सकते हैं। कार्यशाला सुबह 11 बजे शुरू होकर दोपहर 3 बजे तक चलेगीी। कार्यशाला में स्वरोजगार से संबंधित सभी बिन्दुओं की जानकारी दी जाएगी। संगठन के पदाधिकारी एसके केसकर, मेघनाथ यादव ने बताया कि इस बारे में अधिक जानकारी ओए बिल्डिंग प्रगति भवन में ली जा सकती है।

### दूषित खाद्य पदार्थ बेचा तो होगा जुर्माना

**भिलाई।** गुरूवार को भिलाई निगम जोन 1 नेहरू नगर अंतर्गत जलजनित मौसमी बीमारी की रोकथाम हेतु अभियान चलाया गया। जिसमें वार्ड क्रं. 17 आकाश गंगा में साफ-सफाई को लेकर प्रतिष्ठानों में जांच की । होटल एवं आईसक्रीम पार्लर में निरीक्षण के दौरान खादय पदार्थ एवं साफ-सफाई सही नहीं पाए जाने पर कार्यवाही की गई। जिसमें कोलकाता रोल्स, देवांगन डेली निड्स, राज होटल, टी स्टाल एवं नास्ता की दुकानों में निरीक्षण के दौरान खादय पदार्थ बासी पाया गया। बासी व बदबूदार खादय पदार्थो को जप्ती बनाकर उसे नष्ट किया गया। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक पाये जाने पर इन प्रतिष्ठानों से 4500 की चालानी कार्यवाही की गई।

## आयोजन: धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस, निकली शोभायात्रा

# युवा शिक्षित होकर प्रशासनिक भागीदारी बढ़ाएं जल, जंगल व जमीन के संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- भव्य शोभायात्रा का मुस्लिम समुदाय ने किया स्वागत

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर गोड़ी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति,गोडवाना संघ, छग गोड़ महासभा धर्म संस्कृति बेमेतरा,शासकीय कर्मचारी संगठन इकाई थान खम्हरिया तथा आदिवासी ध्रुव गोङ समाज नवागांवकला परिक्षेत्र के हाड़ाहुली व ढेकापुर के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय स्थानीय गोड़वाना सामुदायिक भवन मे भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोडवाने संघ के प्रांतीय सचिव आर के कुंजाम थे। अध्यक्षता मेहतरू छेदैया महासचिव रामपुर जिला कबीरधाम तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.यू आर ध्रुर्वे,किशन ध्रुव,संतोष ध्रुव,रामरतन मंडावी, जगदीश ठाकुर,बाली नेताम तथा अनिता मंडावी उपस्थित थे। इस अवसर पर नगर विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो विभिन्न चौक चौराहों से गुजरती हुई वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची। नूरानी चौक में पार्षद प्रतिनिधि करीम बेग की अगुवाई में मुस्लिम समाज के लोग शोभायात्रा का









आत्मीय स्वागत किया। विश्व आदिवासी दिवस पर गोड़वाना के लईका नर्तक दल जिला बेमेतरा व कबीरधाम के युवाओं ने शानदार व लोक लुभावन आदिवासी नृत्य की मोहक प्रस्तुति दी, जिसको खूब सराहा गया। कार्यक्रम में शामिल आदिवासी समाज की महिला, पुरूषों व बच्चों ने आदिवासी वेशभूषा धारण कर धर्म संस्कृति की रक्षा और आदिवासी समाज की उन्नति का संकल्प लिया। इस अवसर पर सामुदायिक भवन परिसर में अतिथियों पौधारोपण भी किया।

अतिथियों ने अपने संदेश मे कहा कि समाज को एक सूत्र में पिरोकर आदिकाल की धर्म संस्कृति का संरक्षण करना ही कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य है। शोषित वर्गों का उत्थान, अधिक से अधिक शिक्षा का संचार के साथ युवाओं की प्रशासनिक सहभागिता पर भी वक्ताओं ने बल दिया। रानी दुर्गावती की आन बान और शान उनकी बलिदान एवं संघर्ष को आज आदिवासी समाज याद करता है। ऐसे ही आज समाज की उन्नति और हक के लिए संघर्ष करने की आवश्यकता है। सभी वक्ताओं ने एक स्वर मे कहा कि हिन्दू,मुस्लिम,सिक्ख व इसाई जैसे प्रशासकीय आवेदनों में एक कालम गोड़ी संस्कृति भी अंकित होना चाहिए। सभी लोगों ने जल,जंगल जमीन के संरक्षण का संकल्प लिया। इसके पूर्व नगर में विश्व आदीवासी दिवस के अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा विभिन्न चौक चौराहों से गुजरती हुई वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची, जहाँ अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना की गई। साथ ही अतिथियों का फागू लाल नेताम,महादेव नेताम,भवानी नेताम,महेश मरकाम,रूखमणि ध्रुव,राजेश ठाकुर दीपक ठाकुर,डीआर भूआर्य,बलराम नेताम,गणेश मंडावी ने चावल से तिलक लगातार तथा गमछा भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर बेमेतरा व कबीरधाम जिले के आदिवासी नर्तक दलों ने आकर्षक व मोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार ध्रुव व भवानी नेताम द्वारा किया गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में महादेव नेताम,मोरित छेदैया, मनोज शोरी,महेन्द्र नेताम,रामावतार मंडावी, ढाल सिंग नेताम, सुनिल मंडावी, भूखन लाल नेताम, रामसिंह मंडावी, माखनलाल कुंजाम,गोविन्द मंडावी, रामलाल छेदैया,सिया नेताम,भोहित कुंजाम, प्रेमलाल मंडावी, महेश मरकाम, धनराज छेदैया,चन्द्रभान छेदैया,हरदेश नेताम भरत मंडावी, ललिता देवी छेदैया, अश्विनी कुमार नेताम,नारायण छेदैया, मोतीराम, तातथाम नेताम,बीरबल ध्रुव, मुन्ना मंडावी, सहदाव कोर्राम,हीरामण सिह राणा, श्याम कोमा, बलवंत कचलामे, अर्जुन धुव, विजय प्रधान, दरबारी राम,मानसिंग,कुबेर भूआर्य, उत्तम मंडावी,अशोक छेदैया, मनहरण कुंजाम, अमर सिह नेताभ, भीखम खुसरो रोशन मंडावी,रैनू मंडावी, सहित नवागढ, बेमेतरा, साजा,बेरला ब्लॉक तथा थान खम्हरिया तहसील परिक्षेत्र के आदिवासी समाज के लोग बडी संख्या मे उपस्थित थे।

## बारिश से खस्ताहाल हुआ दुर्ग-बेमेतरा स्टेट हाईवे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- सड़क पर ढंग से पैचवर्क नहीं होने से राहगीर नाराज

सीजीआरडीसी द्वारा निर्मित दुर्ग-बेमेतरा की सड़क बारिश होने से दिन-प्रतिदिन जर्जर होते जा रही है। सड़क पर शहर क्षेत्र से निकलते ही बड़े-बड़े गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। लगातार बारिश एवं वाहनों के चलने पर दबाव के कारण मटेरियल उखड़ने सड़क जर्जर होते जा रही है। जिस पर लोकनिर्माण विभाग द्वारा मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सड़क पर कुछ जगहों में पुल व एप्रोच रोड व पुलिया ही धँसने लगी है। जिससे हादसे होने का खतरा लगातार बना रहता है।

### मरम्मत में बरती जाती है लापरवाही

विदित हो कि शासन-प्रशासन द्वारा हर साल बारिश के पूर्व सड़क का अच्छे से मॉनिटरिंग कर मरम्मत व पैचवर्क कार्य कराने का निर्देश दिया जाता है। जिसके मुताबिक प्रशासन द्वारा सरकारी खजाने से बड़ी राशि निकाली जाती है। लेकिन इस समस्या पर बरसात पूर्व कोई खास ध्यान नहीं दिया जाता है। लापरवाहीपूर्वक कार्य करके औपचारिकता निभा दी जाती है। दुर्ग-बेमेतरा राजकीय राजमार्ग में भी मनमाने ढंग से मनचाहे जगहों पर पैचवर्क कराकर औपचारिकता निभा दी गयी है। जिससे परेशान ग्रामीण व सड़क मुसाफिर स्थानीय पटल पर अपनी नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं।

# बालिका छात्रावास में लगा विधिक जागरुकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, प्रधान न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के मार्गदर्शन में व सचिव निधि शर्मा की उपस्थिति में प्री-मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

प्राधिकरण सचिव निधि ने कहा कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य आदिवासी समुदाय के अधिकारों और उनकी संस्कृति, धरोहर की रक्षा करना है। सचिव ने मोटरयान अधिनियम की जानकारी दी। बिना लाइसेंस मार्ग पर वाहन न चलाने की हिदायत दी। मोबाइल का सही तरीके से पढ़ाई-लिखाई के लिए उपयोग करें। व्हाट्सअप पर मैसेजेस और वीडियो को देख परखकर देखने तथा फेंक कॉल या लिंक आने पर उसे रिसीव न करने व अपनी व्यक्तिगत जानकारी या खाता नम्बर, एटीएम कार्ड की जानकारी नहीं देने को कहा गया। साथ ही श्लोक यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता अर्थात जहां नारी की पूजा की जाती है, उसका सम्मान किया जाता है, वहां देवताओं का वास होता है। असामान्य स्थिति में अपनी सूझबूझ व सजगता से उपाय कर स्वयं या अन्य को किस प्रकार कानूनी व अन्य व्यक्तियों की मदद से बचाया जा सकता है, के बारे में बताया गया। बालिकाओं को यह भी कहा गया कि प्राप्त कानूनी जानकारी अपने परिवार में दें।

अपने छोटे भाई-बहन को गुड टच और बैड टच की शिक्षा अवश्य दें। उक्त अवसर पर छात्राओं के द्वारा उत्साह प्रदर्शित करते हुए छत्तीसगढ़ी गीत पर नृत्य एवं झांसी की रानी लक्ष्मी बाई के जीवनी पर नाटक मंचन भी किया गया। सचिव द्वारा सभी बालिकाओं को पढ़ लिखकर रूचि अनुसार आगे बढ़ने के लिए पुरस्कार वितरण कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यकम में छात्राएं एवं अधीक्षक शमीना यासमीन, छात्रावास के कर्मचारी, पैरालीगल वालेंटियर्स उपस्थित रहे। इसके अलावा प्राधिकरण पैरालीगल ▶▶| शेष पेज 13 पर

## महीनों से नगरवासी परेशान

# देवकर में जलापूर्ति का पाइप फूटा दूषित व संक्रमित पानी पी रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

नगर पंचायत देवकर क्षेत्र में इन दिनों स्थानीय पेयजल व्यवस्था हाशिए पर नज़र आ रही है। नगर के गांधी चौक स्थित बस्ती के मेनरोड पर कई हफ्ते से नल कनेक्शन का पाइप फूटा हुआ है। जहां से पूरी बस्ती की पेयजलापूर्ति नाली के गन्दे पानी में समायोजित होकर हो रही है।

इस गम्भीर समस्या पर सीएमओ से लेकर पंचायत प्रशासन के जिम्मेदार अफसर भी मुस्तैद नहीं दिखाई पड़ रहा है। उक्त नल पाइप के फटने के बाद रोजाना कई लीटर पानी खुले में बर्बाद हो रहा है। वही



जलापूर्ति बन्द होते ही बस्ती की नालियों का गन्दा पानी उस फ़ूटी जगह से नल कनेक्शन के पाइप में घुसकर पूरे रिहायशी इलाकों के घरों में पहुंच रहा है। जिससे नगर में जल सम्बन्धित गम्भीर बीमारी एवं संक्रमण का खतरा बना हुआ है।

### अफसरों की लापरवाही से कई जीवन खतरे में

बताया जा रहा है कि नगर में इसके अलावा कई जगहों पर भी नल पाइप फूटा हुआ है। जिस पर कामचलाऊ ढंग से अस्थायी व्यवस्था कर दी जाती है। लिहाजा जाने-अनजाने में ही सही पूरे देवकरवासियो को गन्दा पानी की निरन्तर सप्लाई हो रही है और लोग बीमार पड़ रहे हैं। इस सम्बंध में नगरवासियों का कहना है कि नगर पंचायत के नए मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष कुमार एवं अभियंता विश्वनाथ ठाकुर से शिकायत के बावजूद सुधार नहीं हो रहा है। अफसरों की लापरवाही से कई जीवन खतरे में है।

## जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में लोगों ने रखी कई मांगें भी

# लोगों ने पेयजल, सड़क, नाली व बिजली की समस्या बताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- शहर के वार्ड नंबर 20 और 21 के निवासियों के लिए लगाया गया

जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर बीते 27 जुलाई से वार्डवार शिविर लगाया गया। जिसमे अंतिम चरण पर शुक्रवार शहर के वार्ड नंबर 20 ओर 21 में शिविर लगाया गया । इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष व पार्षद की मौजूदगी में नपा कर्मचारियों को वार्ड वासियों ने अपनी समस्याओं का आवेदन के माध्यम से अवगत कराया । दोनों वार्डों के रहवासियों की विभिन्न समस्याओं को नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू, पार्षद रेहाना वाहिद रवानी ने सुनते हुए पालिका के सभी अधिकारी वा कर्मचारियों का ध्यान आकर्षित करवाते हुए त्वरित निदान करने कहा। इस दौरान आमजनों ने मीठे पानी सहित महतारी वंदन योजना से वंचित व सड़क नाली, बिजली, पेंशन की समस्याओं को लेकर अपनी मांग रखी।





### राजस्व पखवाड़ा हो रहा लाभकारी सिद्ध

नगरीय निकायों द्वारा आयोजित राजस्व पखवाड़ा आम नागरिकों के लिए कई तरह से लाभकारी सिद्ध हो रहा है। इस पहल के तहत नगर निकायों द्वारा विभिन्न प्रकार के बकाया राजस्व वसूली और सेवाओं के त्वरित निपटारे के लिए विशेष अभियान चलाए जाते है। इसका मुख्य उद्देश्य राजस्व संग्रहण को बढ़ावा देना और जनता को समय पर सेवाएं प्रदान करना है। 'समय पर बकाया भुगतान' इस अभियान के दौरान, नागरिकों को अपने बकाया कर और शुल्क का भुगतान करने में सहूलियत होती है ।

गौरतलब हो कि राज्य शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद बेमेतरा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 20 और 21 की स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए कबीर कुटी के पीछे स्थित मंच प्रांगण में आयोजित था। शिविर में समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

शिविर में स्थानीय नागरिक समस्याएं यथा नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन,जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण स्वरोजगार के प्रकरण तथा कई विविध आवेदन प्राप्त होते हैं, जिनका निराकरण शीघ्र अपेक्षित होता है। लोगों की नल लीकेज, नलों में पानी न आना, नालियों/गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी बहना, कचरे की सफाई व परिवहन टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत, सड़कों के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाइट के मरकरी/बल्ब/ट्यूब का बंद रहना आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्र दिया जा रहा है । प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में प्रदर्शन

**भिलाई।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने धार्मिक भावनाएं आहत किए जाने का आरोप लगाते हुए सेक्टर-10 स्थित शंकरा स्कूल में प्रदर्शन किया। उन्होंने इस मामले को लेकर प्राचार्य से शिकायत भी की। शिकायत नगर कार्यालय मंत्री हर्षवर्धन लोधी ने की। उन्होंने कहा कि स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाओं द्वारा धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाया जा रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। जानकारी के बाद गुरुवार की दोपहर कार्यकर्ता स्कूल परिसर पहुंचे। उन्होंने जमकर हंगामा किया, नारेबाजी की। स्कूल प्रबंधन ने इस दौरान पुलिस को खबर दी। इसके बाद मामला शांत हुआ। स्कूल प्रबंधन ने मामले में जांच कराए जाने की बात कही है।


हरिभूमि पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

**खबर संक्षेप**



## शिवसेना ने बांग्लादेशी दंगाईयों का फूंका पुतला

**रायपुर।** शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे द्वारा बूढ़ातालाब स्थित धरनास्थल में गुरुवार को बांग्लादेशी दंगाईयों का पुतला जलाया गया। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता संजय नाग ने बताया कि बांग्लादेश में उपद्रवियों द्वारा हिंदुओं का कत्लेआम करने पर, हिंदू धार्मिक स्थलों पर आग लगाए जाने पर, लोगों की दुकानें जला देने पर मारपीट, लूटपाट और महिलाओं के साथ जोर-जबरदस्ती करने पर पूरे विश्व में रोष है। शिवसेना ने भी इसकी भर्त्सना करते हुए दंगाईयों का पुतला फूंका। पुतला फूंकने वालों में सुनील कुकरेजा, सन्नी देशमुख, विजय नाग, संतोष मार्कण्डेय, बल्लू जांगड़े, सुरेश तिवारी, आनंद तिवारी, सांई प्रजापति, यशराज ठाकुर, खिलावन साहू आदि उपस्थित थे।

## वन अधिकारी महासंघ की रायपुर में बैठक



**रायपुर।** अखिल भारतीय वन अधिकारी महासंघ नई दिल्ली की गुरुवार को रायपुर में बैठक हुई। बैठक में 11 सितंबर को रायपुर में वन शहीद दिवस कार्यक्रम आयोजित करने के प्रस्ताव को लेकर चर्चा की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ के अलावा हरियाणा, झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा वन अधिकारी महासंघ के पदाधिकारी उपस्थित हुए।

## नवजात की हत्या के मामले में मां को उम्रकैद की सजा

**रायपुर।** पंडरी तथा नवापारा थाना क्षेत्र में हत्या के दो अलग-अलग मामलों में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अगम कुमार कश्यप की कोर्ट ने आजीवन कारावास के साथ जुर्माने की सजा सुनाई है। नवापारा मामले में कोर्ट ने महिला को अपने नवजात बेटे की हत्या के आरोप में कैद की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक सरोज गुप्ता के मुताबिक, कोर्ट ने नवापारा क्षेत्र की लता बाई निषाद को कैद की सजा सुनाई है। बेवा लता बाई का गांव के डोमन साहू के साथ अवैध संबंध था। इस बात को लेकर गांव में 20 अक्टूबर 2018 को बैठक की गई थी। घटना दिनांक को लता ने अपने नवजात पुत्र की हत्या कर उसकी लाश झाड़ियों में फेंक दी थी। लता बाई को उसके ससुर अमर सिंह निषाद की शिकायत पर पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। वहीं दूसरे मामले में पंडरी थाना क्षेत्र में 5 अक्टूबर 2019 को घटित हत्या के आरोप में रामखिलावन यादव को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। रामखिलावन ने घटना दिनांक को शराब पिलाने के विवाद में कापा स्थित सामुदायिक भवन के पास चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

## तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी स्थगित

**रायपुर।** अपरिहार्य कारण से विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ जनजातीय अद्भुत एवं विविध संस्कृति पर केंद्रित तीन दिवसीय 9 से 11 अगस्त तक कला वीथिका महंत घासीदास संग्राहालय घड़ी चौक के पास आयोजित फोटो प्रदर्शनी आगामी तिथि तक स्थगित की जा रही है। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक दीपेंद्र दीवान ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम की अगली तारीख आते ही प्रेस के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

## शहीद स्मारक हॉल में याद-ए-रफी कार्यक्रम कल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की मशहूर आर्केस्ट्रा ओबेरॉयज म्यूजिकल ग्रुप द्वारा 10 अगस्त को याद-ए-रफी कार्यक्रम रजबंधा मैदान स्थित शहीद स्मारक हॉल में रात्रि 7 बजे से आयोजित है। यह जानकारी म्यूजिकल ग्रुप के संचालक इकबाल सिंह ओबेराय ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में अंचल के ख्यातिप्राप्त कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय शहरी विकास एवं आवास राज्यमंत्री तोखन साहू उपस्थित रहेंगे।

# सतर्कता प्रकोष्ठ ने पकड़ी रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव में पंजीयन में गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पंजीयन विभाग के कामकाज पर नजर रखने के लिए बनाए गए सर्तकता प्रकोष्ठ ने रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, रायगढ़ और बेमेतरा जिला पंजीयन कार्यालय में गड़बड़ी पकड़ी है।

इसकी वजह से 18 प्रकरणों में 1.02 करोड़ रुपए की राजस्व हानि पायी गई है। इन प्रकरणों में कम बाजार मूल्य का निर्धारण, इसके अलावा मुख्य मार्ग से लगी हुई एक ही खसरे की भूमि को दो दस्तावेजों के माध्यम से मुख्य मार्ग एवं अन्य मार्ग के दर अनुसार अलग-अगल उप पंजीयकों से पंजीयन कराया जाना पाया गया है। साथ ही गाइडलाइन के उपबंधों के अनुसार मूल्यांकन नहीं किया गया है।

### पांच पंजीयकों को नोटिस, होगी वसूली, 18 प्रकरणों में 1.2 करोड़ का नुकसान

### ढाई हजार करोड़ का राजस्व मिला

गौरतलब है कि राज्य में स्थित 102 पंजीयन कार्यालयों में पंजीबद्ध होने वाले दस्तावेजों में कर अवपंचन की रोकथाम और सतत निगरानी के लिए महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक मुख्यालय में विभागीय सतर्कता प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। पंजीयन विभाग द्वारा अचल संपत्ति के क्रय-विक्रय से संबंधित दस्तावेजों का पंजीयन से वित्तीय वर्ष 2023-24 में विभाग ने लगभग 2505.98 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है।




### पंजीयकों को नोटिस, होगी वसूली

छत्तीसगढ़ शासन के पंजीयन विभाग द्वारा अचल संपित्तयों के क्रय-विक्रय पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इन संपत्तियों के पंजीयन के दौरान दस्तावेजों के गलत मूल्यांकन को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये हैं। विभाग के सर्तकता प्रकोष्ठ द्वारा 18 प्रकरणों में 1.02 करोड़ रुपये की राजस्व हानि की पहचान की और इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। सर्तकता प्रकोष्ठ द्वारा संबंधित जिलों के जिला पंजीयक शुल्क की वसूली के लिए प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। साथ ही संबंधित उप पंजीयक एवं जिला पंजीयकों को कारण बताओं नोटिस भी जारी किया गया है।

### रेंडम जांच में मिली ये गड़बड़ी

महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक से मिली जानकारी के अनुसार सतर्कता प्रकोष्ठ द्वारा रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, रायगढ़ और बेमेतरा जिले के अधिनस्थ पंजीयन कार्यालयों में पंजीबद्ध दस्तावेजों की रेण्डम जांच की गई। जिनमें 18 प्रकरणों में 1.02 करोड़ रूपए की राजस्व हानि पायी गई है। इन प्रकरणों में कम बाजार मूल्य का निर्धारण, इसके अलावा मुख्य मार्ग से लगी हुई एक ही खसरे की भूमि को दो दस्तावेजों के माध्यम से मुख्य मार्ग एवं अन्य मार्ग के दर अनुसार अलग-अगल उप पंजीयकों से पंजीयन कराया जाना पाया गया है। साथ ही गाइडलाईन के उपबंधों के अनुसार मूल्यांकन नहीं किया गया है। स्टाम्प शुल्क की छूट का प्रमाण पत्र जिस व्यक्ति के नाम से था उसके नाम से दस्तावेज का पंजीयन न किया जाकर अन्य व्यक्ति के नाम से दस्तावेज का पंजीयन किया गया है तथा औद्योगिक संपत्ति का 25 प्रतिशत अधिक मूल्यांकन नहीं किया गया है। स्टाम्प शुल्क छूट का प्रमाण पत्र बैंक के लोन पर प्रभार्य मुद्रांक शुल्क से छूट का था परंतु उस प्रमाण का लाभ भूमि क्रय करने हेतु लिया गया है। स्टाम्प शुल्क छूट निजी भूमि के क्रय पर दिया गया है परंतु औद्योगिक इकाई द्वारा स्टाम्प शुल्क छूट का लाभ भवन, शेड, मशीनरी के लिए लिया गया है।

### सरकार के सामने रखा 8 साल की राहत का लेखा-जोखा

# स्टील उद्योगों के खुलने लगे ताले अब भी सरकार से राहत का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

प्रदेश भर के 150 स्टील उद्योग महंगी बिजली के विरोध में बीते दस दिनों से बंद हैं। गुरुवार को दो दर्जन से ज्यादा उद्योगों के ताले खुल गए हैं। आने वाले समय में और उद्योगों के ताले खुलेंगे, लेकिन आंदोलन चलता रहेगा। दरअसल एक दिन पहले ही मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन से मुलाकात करके अपना पक्ष रखा है और 2017 से अब तक प्रदेश सरकार की तरफ से मिल रही राहत का लेखा-जोखा रखा और आगे भी राहत की मांग की। राहत पर फैसला होने तक आधे से ज्यादा उद्योग बंद रहेंगे, लेकिन जिन उद्योगों को अपने खर्चों को लेकर किसी भी तरह की परेशानी है, उनको खोलने की अनुमति एसोसिएशन ने दी है।

प्रदेशभर के उद्योगों ने 29 जुलाई की रात से अपने प्लांट बंद कर दिए हैं। इसके बाद से लेकर लगातार प्रदेश सरकार के साथ चर्चा हो रही है। एक बार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और एक बार डिप्टी सीएम विजय शर्मा के साथ बैठक हो चुकी है। इस बीच उद्योग मंत्री के साथ एक बैठक हुई तो उद्योग मंत्री ने उद्योगों को प्रारंभ करने के लिए कहा। इसके बाद से अब उद्योगों के ताले खुलने प्रारंभ हो गए हैं।

- आने वाले समय में और उद्योगों के ताले खुलेंगे, लेकिन आंदोलन चलता रहेगा
- 2017 से अब तक प्रदेश सरकार की तरफ से मिल रही राहत का लेखा-जोखा रखा और आगे भी राहत की मांग की



### राहत की दी पूरी जानकारी

मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन के महासचिव मनीष धुप्पड़ ने बताया, हमारे उद्योगों को 2017 से अब तक जो राहत मिल रही है, उसकी पूरी जानकारी हमने सरकार के सामने रखी है। 2017 में लोड फैक्टर दस फीसदी था और 1.40 रुपए प्रति यूनिट पर सब्सिडी के कारण बिजली 4.66 रुपए प्रति यूनिट मिल रही थी। इसी तरह से 2018 में लोड फैक्टर 10 फीसदी, 80 पैसे प्रति यूनिट सब्सिडी के कारण 5.23, रुपए, 2019 में जहां लोड फैक्टर 15 फीसदी किया गया, वहीं 50 पैसे प्रति यूनिट की सब्सिडी दी गई। इस साल बिजली 5.20 रुपए पड़ी। 2020 में और 21 में लोड फैक्टर 15 फीसदी और 80 पैसे प्रति यूनिट की सब्सिडी के कारण 5.37 और 5.31 रुपए बिजली पड़ी। 2022 में लोड फैक्टर 25 फीसदी करने पर बिजली 5.36 रुपए, 23 में 6.33 रुपए और इस साल जून तक 6.01 रुपए में बिजली मिली है। अब लोड फैक्टर 10 फीसदी होने के कारण बिजली की कीमत सभी टैक्स मिलाकर 7.63 रुपए पड़ रही है। यही वजह है हम लोग सब्सिडी की मांग कर रहे हैं ताकि दूसरे राज्यों की तरह हमें भी सस्ती बिजली मिल सके।

# माता कौशल्या विहार में लाइट की समस्या, सीवरेज ओवरफ्लो, भुक्त भोगियों ने सीएम से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कौशल्या विहार के रहवासियों के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से जनदर्शन में मुलाकात की। इस दौरान रहवासियों ने बिजली की समस्या बताते हुए कहा, आए दिन बिजली बंद रहने से रहवासी त्रस्त हैं। इसके साथ ही ड्रेनेज लाइन में खराबी आने से सीवरेज का गंदा पान ओवरफ्लो होकर सड़क पर भर रहा है। आरडीए के अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी समस्या बनी हुई है। मुख्यमंत्री ने भुक्तभोगियों की पूरी बात सुनी। उन्होंने वहां उपस्थित जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह को निर्देश दिये कि जन समस्या का समाधान कर लोगों को राहत दिलाई जाये।

कौशल्या विहार के रहवासियों ने रायपुर विकास प्राधिकरण के 1600 एकड़ में फैले कौशल्या विहार में विद्युत अवरोध से हो रही परेशानी सहित अन्य समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा।



- जनदर्शन में पीड़ितों ने लगाई गुहार
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुनी लोगों की समस्या, कलेक्टर को दिये निर्देश

### चोरी-लूटपाट की घटना से रहवासी चिंतित

जनदर्शन में अपनी बात रखने पहुंचे लोगों ने मुख्यमंत्री श्री साय को बताया कि सड़कों की स्ट्रीट लाइट अकसर बंद रहती है। इसके कारण अंधेरा होने से असमाजिक तत्वों का कौशल्या विहार में जमावड़ा रहता है। इससे परिवार के साथ रहने वाले हजारों लोगों को बाहर निकलने से डर लगता है। चोरी- लूटपाट की घटना से रहवासी चिंतित हैं। इसलिए कौशल्या विहार में विद्युत व्यवस्था सुधारी जाये। कौशल्या विहार के रहवासी डॉ. अजीत कुमार सिंग, पन्नालाल सिन्हा, गजेन्द्र अग्रवाल, विनोद मोटवानी, शिल्पी शर्मा, जेके अग्रवाल सहित अन्य रहवासियों ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन में मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित कराते हुए बताया कि ड्रेनेज लाइन को सुधारने रायपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से लगातार संपर्क कर समस्या बताई गई, उनके अधिकारी कहते हैं हमारे पास फंड नहीं है। रहवासियों का कहना है, उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से भी संपर्क किया पर हमने डिमांड नोट बनाकर आरडीए को दिया है , जिसकी पूर्ति प्राधिकरण को करनी है। इस तरह समस्या से निजात अब तक नहीं मिली।

## विभाजन विभीषिका गोष्ठी में सीएम साय, शिव प्रकाश, फिल्म स्टार आशीष विद्यार्थी होंगे मुख्य वक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



प्रदेश भाजपा संगठन द्वारा 14 अगस्त को मेडिकल कॉलेज सभागार में विभाजन के काले दिवस पर विभाजन विभीषिका पर गोष्ठी का आयोजन किया गया है। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के राष्ट्रीय सहसंगठन महामंत्री शिवप्रकाश और फिल्म अभिनेता आशीष विद्यार्थी शामिल होंगे। वक्ता स्वतंत्रता पूर्व भारत के विभाजन पर विस्तृत प्रकाश डालेंगे। टाउन हॉल में पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। राजधानी रायपुर की चारो विधानसभाओं में भी तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।

आयोजनों को लेकर एकात्म परिसर में हुई बैठक में चर्चा की गई। 15 अगस्त के पूर्व भाजपा द्वारा हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा का आयोजन तय किया गया है। संजय श्रीवास्तव ने हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी। 11 से 13 अगस्त तक विधानसभावार तिरंगा यात्रा निकालनी है। इसमें हर विधानसभा से भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य बाइक रैली का आयोजन करना है। 12 ,13 और 14 अगस्त को मंडलों में स्वच्छ भारत के तहत स्वच्छता अभियान चलाना है एवं साथ ही 14 अगस्त को विभाजन के काले दिन को विभाजन विभीषिका के रूप में मनाते एक विचार गोष्ठी का आयोजन और फोटो प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाना है। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने कहा, रायपुर पश्चिम में विगत कई वर्षों से हमारे द्वारा तिरंगा यात्रा का सफल आयोजन किया जाता रहा है साथ ही रामनगर परिक्षेत्र से भारत माता चौक तक विशाल तिरंगे झंडे के साथ स्कूली बच्चों द्वारा पद यात्रा निकाली जाती है जहां भारत माता की आरती और देशभक्ति कार्यक्रम की रंगारंग संध्या का आयोजन हमारे द्वारा किया जाता है।

- राजधानी की चारों विधानसभा में निकलेगी तिरंगा यात्रा

जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल ने कहा, प्रत्येक विधानसभा में बाइक रैली की जिम्मेदारी में सभी मंडलों का संपूर्ण योगदान आवश्यक है।

### ट्रेन रद्द कर फिर काम आगे बढ़ाएगा रेलवे

## 228 किमी. बिछेगी तीसरी लाइन, 80 किमी. तक काम पूरा, दिन-रात चल रहा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में पटरियों को काम तेजी से चल रहा है, जिसकी वजह से रेलवे ने बीते दिनों 72 ट्रेनों को रद्द किया था। इससे लगभग 1 लाख से अधिक यात्रियों को दिक्कत हुई थी।

वर्तमान में जोन में मुख्य रूप से क्षमता वृद्धि का कार्य बिलासपुर-झारसुगुड़ा 206 किलोमीटर चौथी लाइन, अनूपपुर-कटनी 165 किलोमीटर तीसरी लाइन व राजनांदगांव-कलमना, नागपुर 228 किलोमीटर तीसरी रेल लाइन का कार्य किया जा रहा है। रेलवे से मिली जानकारी मुताबिक राजनांदगांव व कलमना के मध्य 228 किलोमीटर तीसरी लाइन का कार्य प्रगति पर है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 3544 करोड़ रुपए है। अब तक इस तीसरी रेल लाइन का 80 किलोमीटर का कार्य पूरा हो चुका है और आगे दरेकसा- सालेकसा- धनौली, गुदमा-गोंदिया-गंगाझरी व कामठी-कलमना के मध्य तीसरी रेल लाइन का कार्य प्रगति पर है।




- रेल लाइन को बेतहर करने 400 कर्मचारी और 50 इंजीनियर कर दिन-रात कर रहे काम

### दिनभर चल रहा पटरियों में काम

वर्तमान में कलमना स्टेशन पर यार्ड में परिवर्तन किया जा रहा है। यह नागपुर, इतवारी, गोधनी, कामठी स्टेशनों और दो महत्वपूर्ण पावर प्लांट्स को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। लगभग 400 कर्मचारियों व मजदूरों सहित रेलवे के विभिन्न विभागों के लगभग 50 इंजीनियर दिन-रात काम कर रहे हैं। इन कर्मचारियों के साथ-साथ विभिन्न मशीनरी जैसे टी-28 मशीन, जेसीबी, अर्थ एक्स्कवेटर, क्रेन, टॉवर वैन आदि भी तैनात किए गए हैं। यह टीम न केवल 8 पॉइंट्स, 5 ओएचई पोर्टल्स और 30 ओएचई खंभो को हटाएगी, बल्कि नये 16 पॉइंट्स की स्थापना और 1500 मीटर लूप लाइन की स्लीविंग भी करेगी, साथ ही नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम का परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य भी किया जाएगा।

### इसलिए करनी पड़ती है ट्रेन रद्द

मौजूदा स्टेशन में एक नई लाइन जोड़ने में स्टेशन के लेआउट में बदलाव शामिल होता है। यह बदलाव एक विशेष संरक्षा स्थिति के तहत किया जाता है, जिसे नॉन-इंटरलॉकिंग कहा जाता है। इसलिए नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के दौरान ट्रेनों का संचालन कुछ गतिप्रतिबंध के साथ सीमित मार्गों पर किया जाता है। उदाहरण के लिए, सामान्य परिस्थितियों में एक ट्रेन को स्टेशन पार करने में 3-4 मिनट लगते हैं, लेकिन ऐसे यार्ड में बदलाव कार्य के दौरान इसमें 20-25 मिनट समय की आवश्यकता पड़ती है । इससे ट्रेनों का सामान्य परिचालन प्रभावित होता है ।

## स्ट्रीट पोल की एलईडी लाइट खराब, कॉलोनी में छाया अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर की कई कॉलोनियों की स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हुई हैं, जिसकी ढेरों शिकायतों नगर निगम से लेकर बिजली कार्यालयों में लंबित हैं। नगर निगम कार्यालय में इन शिकायतों का निराकरण नहीं होने के कारण अब लोग कलेक्टोरेट के समस्या निवारण कॉल सेंटर में शिकायतें करने लगे हैं।

कॉल सेंटर में शिकायत करने पर सुनवाई तो जल्दी हो रही है, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। महावीर नगर इलाके की ओम विहार कॉलोनी में ऐसा ही एक मामला सामने आया हैं। यहां रहने वाले एक व्यक्ति ने दो हफ्ते पहले कॉल सेंटर में स्ट्रीट लाइट बंद होने की शिकायत की थी, जिसके बाद दो दिन के भीतर बिजली विभाग के कर्मचारी पहुंचे भी, जो स्ट्रीट खंबे में लगी एलईडी लाइट को खराब पाकर नई एलईडी लाइट लगाना छोड़कर उसे बनवाने के लिए अपने साथ ले गए, लेकिन दो हफ्ते बाद भी कर्मचारी अब तक लाइट बनवाकर वापस नहीं लौटे, जिसके कारण कॉलोनीवासी अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।

- महावीर नगर स्थित ओम विहार कॉलोनी के रहवासी हुए परेशान



### स्टॉक में नहीं, इसलिए सुधारने भेजते हैं

कॉलोनीवासियों ने बताया कि स्ट्रीट लाइट बनाने जो बिजली कर्मचारी आए थे, उन्होंने कहा कि उनके कार्यालय में एलईडी लाइट का नया स्टॉक नहीं है, इसलिए बिगड़ी लाइट सुधारने के लिए भेजनी पड़ेगी। यह कहकर बिजली कर्मचारी स्ट्रीट लाइट निकालकर अपने साथ ले गए। कर्मचारियों को दो हफ्ते हो चुके हैं, लेकिन अब तक लाइट लगाने नहीं आए।

### कई जगहों पर स्ट्रीट लाइटें बंद

महावीर नगर इलाके में ओम विहार के अलावा अमलीडीह में भी कई जगहों की स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हैं। इन बंद लाइटों की जगह नई लाइटें लगाई नहीं जा रही हैं, जिससे यहां के रहवासियों को रात के समय में परेशनियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अमलीडीह के पुरैना स्थित बिजली कार्यालय में थोक में स्ट्रीट लाइट बंद होने की शिकायतें की जाती हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। यहां के कर्मचारी यही कहते हैं कि कार्यालय में लाइट का स्टॉक ही नहीं है।

# कोरबा में राखड़ बांध की खाली जमीन पर बनेगा सोलर प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी बिजली का उत्पादन बढ़ाने के लिए लगातार योजनाएं बना रही है। अब कोरबा पूर्व में बंद हुए राखड़ बांध की खाली जमीन पर 30 मेगावाट का सोलर प्लांट लगाने का डीपीआर तैयार किया गया है।

इसे प्रदेश सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा जा रहा है। साथ ही अन्य योजनाओं में अब मड़वा में 660 मेगावाट की भी नई योजना की तैयारी है। कोरबा में 660 मेगावाट के दो नए संयंत्र लगाने की मंजूरी राज्य सरकार पहले ही दे चुकी है। इसे लेकर प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। कुल मिलाकर चार नई योजनाओं के माध्यम से करीब 10 हजार मेगावाट उत्पादन बढ़ाने की तैयारी है। राज्य सरकार इस समय बिजली उत्पादन की क्षमता को विशाल बनाने की दिशा में काम कर रही है। छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम में 660 मेगावाट के दो संयंत्र लगेंगे। इसके पहले सबसे बड़े दो संयंत्र 500-500 मेगावाट के मड़वा में लगे थे। कोरबा पश्चिम में पॉवर कंपनी के पास अपनी जमीन भी है। यहां 60 साल पुराने 50 मेगावाट के चार और 120 मेगावाट के दो संयंत्र प्रदूषण के कारण बंद हो चुके हैं। अब उसी स्थान पर नए संयंत्र लगाने की तैयारी है। इसे लेकर उत्पादन कंपनी तैयारी कर रही है। इसी के साथ कोरबा पूर्व में 30 मेगावाट का सोलर प्लांट लगेगा। इस पर करीब 150 करोड़ खर्च होंगे।

### पॉवर कंपनी की उत्पादन क्षमता बढ़ाने चार बड़ी योजनाएं

### अभी 2980 मेगावाट उत्पादन क्षमता

अलग राज्य बनने के बाद 2000 में राज्य में बिजली के मामले में ज्यादा सुविधाएं नहीं थीं। यहां पर महज 1360 मेगावाट का ही उत्पादन होता था, लेकिन आज की स्थिति में उत्पादन बढ़कर 2980 मेगावाट हो गया है। मड़वा में जो 500 मेगावाट की दो यूनिट लगी हैं, उन यूनिट में जब करीब आठ साल पहले उत्पादन प्रारंभ हुआ था, तभी से उसकी बिजली तेलंगाना को देने का अनुबंध हो गया था। ऐसा इसलिए संभव हो सका, क्योंकि उत्पादन के मामले में राज्य सरप्लस हो गया था। आज की स्थिति में जहां अपना उत्पादन 2980 मेगावाट है, वहीं सेंट्रल सेक्टर से करीब साढ़े 3500 मेगावाट का शेयर मिलता है। ऐसे में राज्य में बिजली छह हजार मेगावाट से ज्यादा हो जाती है।



### उत्पादन बढ़ाने के लिए बन रही योजनाएं

प्रदेश में बिजली का उत्पादन बढ़ाने के लिए योजनाएं बन रही हैं। सोलर प्लांट का डीपीआर तैयार हो गया है। मड़वा में 660 मेगावाट के संयंत्र के लिए भी डीपीआर तैयार हो रहा है।

**- संजीव कटियार,** एमडी, उत्पादन कंपनी

### पानी से पैदा होगी 7700 मेगावाट बिजली

पानी से बिजली बनाने के लिए पांच स्थानों का चयन किया गया है। इसमें हसदेव बांगो कोरबा और सिकासेर बांध गरियाबंद में 12-12 सौ मेगावाट का प्लांट लगेगा। जशपुर के डांगरी में 14 सौ मेगावाट और रौनी में 21 सौ मेगावाट का प्लांट लगाया जाएगा। इसी के साथ बलरामपुर के कोटपल्ली में 18 सौ मेगावाट का प्लांट लगेगा। इन स्थानों पर पंप हाइड्रो योजना के तहत 7700 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।

### अब नए संयंत्र की तैयारी

जिस तरह से तेजी से प्रदेश में उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा हो रहा है, उससे आने वाले समय में बिजली की बहुत ज्यादा जरूरत होगी। वर्तमान में उपभोक्ताओं की संख्या करीब 65 लाख हो गई है। पहले बिजली की खपत रोज तीन हजार मेगावाट से भी कम रहती थी, आज खपत छह हजार से ज्यादा हो रही है। प्रदेश सरकार ने करीब दो दशक की खपत को देखते हुए ही योजना बनाकर कोरबा में 660 मेगावाट के दो संयंत्र लगाने की मंजूरी दी है। इसी के साथ अब पॉवर कंपनी मड़वा में भी एक 660 मेगावाट का संयंत्र लगाने के लिए डीपीआर बनाने की तैयारी में है। इसके बाद प्रदेश सरकार से मंजूरी लेकर इस पर काम किया जाएगा।

## सिंगिंग आइडल में गूंजेंगे देशभक्ति के नगमे

**रायपुर।** नगर निगम के संस्कृति विभाग की ओर से आजादी महोत्सव का आयोजन 15 अगस्त को किया जा रहा है, जिसमें रायपुर सिंगिंग आइडल व समूह नृत्य की प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसमें प्रतिभागियों के लिए स्वर परीक्षण राजधानी के शहीद स्मारक सभागार में किया जा रहा है। ऑडिशन के दूसरे दिन गुरुवार को प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही ग्रुप डांस में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक के रूप में गायन में आकांक्षा मिश्रा तथा नृत्य श्रेणी में निर्णायक के तौर पर समीक्षा अग्रवाल, खुशी गुप्ता मौजूद रहीं। संस्कृति विभाग के अध्यक्ष आकाश तिवारी ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य उभरती प्रतिभाओं को मंच देना है।

**खबर संक्षेप**



## सीएम ने साखरे को किया सम्मानित

**डोंगरगढ़।** रेलवे के चीफ वेलफेयर इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार साखरे के छोटे भाई तथा खैरागढ़ कालेज के प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र कुमार साखरे को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग में आयोजित दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया गया। दुर्ग के बीआईटी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने श्री साखरे को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी से सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महामहिम राज्यपाल रमन डेका ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ अतुल कोठारी, विधायक एवं कुलपति थे। श्री साखरे ने अपना शोध विश्वनाथ यादव तामस्कर महाविद्यालय दुर्ग के डॉ अनिल कुमार पांडे के निर्देशन में किया है। उनके शोध का विषय बस्तर की आदिवासी संस्कृति पर आधुनिकता एवं विकास का प्रभाव तथा पर्यावरणीय संपोषणीयता एक ऐतिहासिक विश्लेषण था। श्री साखरे पूर्व में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से सम्मानित हो चुके हैं।

### अभिभावकों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

# आत्मानंद स्कूल में गंदगी विद्यार्थियों की सेहत खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अछोली

स्वामी आत्मानंद स्कूल डोंगरगढ़ में गंदगी आदि के फैले होने के कारण बच्चों की तबीयत बिगड़ने की शिकायत मिली है। बच्चों के अभिभावकों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है।

अभिवावकों ने स्कूल की अव्यवस्थाओं की ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया है। डोंगरगढ़ के स्वामी आत्मानंद स्कूल में अध्यनरत बच्चों के अभिभावकों ने एसडीएम कार्यालय पहुंच कर अव्यवस्थाओं के कारण बच्चों की तबियत खराब होने की जानकारी दी। अभिवावकों की माने तो स्कूल के शौचालय में गंदगी पसरे रहती है। रोजाना सफाई नहीं किया जाता है जिसके यूरिन इन्फेक्शन होने की शिकायत सामने आ रही है। स्कूल में पानी की समस्या है जिससे बच्चे स्कूल में खाना नहीं खाते। इन मामलों को लेकर पेरेंट्स मीटिंग में शिकायत की गई परंतु स्थिति जस के तस बनी हुई है।



**आदेश दिया गया**

इस मामले को लेकर प्राचार्य और विकासखंड शिक्षा अधिकारी से बात किया गया तो उन्होंने कुछ भी कहने से मना कर दिया। एसडीएम मनोज मरकाम ने बताया कि उन्हें ज्ञापन मिला है। सीएमओ को स्कूल में सफाई कराने कहा गया है। स्कूल में सफाई कर दिया गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मोहम्मद यूसुफ अंसारी, आसमा परवीन, आयशा, सुकवारोबाई, इशरत बेगम, पुष्पा राव, नूरजहां, कचरू, सना परवीन, खैरुन्निसा, देवकी, राजकुमारी, तबस्सुम, उमेश्वरी, रुखसाना बेगम, शिफा खान, मतीन खान, मीना सिन्हा, कांति वर्मा, सीमाबाई, अनीता धुर्वे, भारती सिन्हा, कविता मेश्राम, सुनंदा मेश्राम, नीलम यादव, शारदा निषाद, अनिता कुंभकार, सुरेखा यादव, गोदावरी सिन्हा, ज्योतिबाई निषाद सहित अन्य मौजूद थे।

# वनांचल के बीहड़ गांवों में पहुंची मलेरिया जांचने टीम

### बरसाती नाले और कीचड़ नहीं रोक पाई रास्ता

- विशेष अभियान के तहत मलेरिया स्क्रीनिंग का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बारिश के चलते कीचड़ और दलदल से भरे रास्तों में सफर कर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मलेरिया स्क्रीनिंग का काम पूरा किया। विकासखंड छुईखदान के वनांचल क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य ग्राम संजारी, हाथीझोला, समुंदपानी, कल्लेपानी और पंडरीपानी में विशेष अभियान के तहत विभाग ने मलेरिया स्क्रीनिंग का कार्य किया।

अभियान में पांचों गांवों में दस सदस्यों वाली पांच की मेडिकल टीम ने ग्रामीणों का मलेरिया जांच किया और 62 संक्रमित मरीजों को दवाई दी। वनांचल के बीहड़ में बसे इन गांवों में पहुंचने के लिये मेडिकल टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

संजारी, हाथीझोला और समुन्दपानी तक आने जाने पर टीम पहुंच गई, लेकिन कल्लेपानी और पंडरीपानी जाते समय बारिश में मार्ग खराब होने के कारण टीम की गाड़ियां रास्ते में फंस गई जिसे ग्रामीणों से सहायता लेकर मेडिकल टीम ने बाहर निकाला, लेकिन आगे का रास्ता और ज्यादा खराब होने के कारण टीम ग्रामीणों की मदद से उनकी मोटरसाइकिल से गांव पहुंची और मलेरिया जांच कर अभियान को पूरा किया। टीम में यतीश साहू, आरएचओ दिग्विजय कंवर, लक्ष्मण मरकाम, थानेंद्र मार्कण्डेय, हिरेंद्र साहू, संतोष बर्वे, दिनेश पोर्ते, सीएचओ किरण देशमुख, आंचल साहू, नेहा चंदेल, नमिता साहू, दानेश्वर सहित उनके साथ सुपर विजन के लिये प्रभारी बीईटीओ डीएल सोनी, केपी साहू, विवेक मेश्राम मलेरिया वाहन चालक सुरेश मांडवी, कौशल निषाद, शशांक टंडन मौजूद रहे।



# स्कूलों में पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ चिचोला

संकुल केंद्र मोरकुटुम्ब में पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मोरकुटुम्ब, भेजराटोला, बजरंगपुर तथा पैरीटोला की शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्य, पालक एवं शिक्षक उपस्थित हुए। संकुल प्रभारी के मार्गदर्शन में 12 बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा किया गया। बैठक में संकुल प्रभारी प्रदीप वर्मा, समन्वयक मूलचंद साहू, धनवाराम पडोती, सुरेश शोरी, चंद्रिका साहू, दयाराम साहू, राजकुमार साहू, बसंत उइके, भीमबली बम्बर, पल्टूराम पडोती, देवकुमारी, हीरालाल साहू, जीवराखन उइके, चेतन साहू, हेमलाल सहारे, हुमन चंद्रवंशी, हुमन पिस्दा, दिलीप कोमरे, कृष्णकुमार पाल, संतोष चतुर्वेदी, संतोष आदि उपस्थित थे।

**मड़ियान।** संकुल स्तरीय पालक शिक्षक बैठक का आयोजन मंगलवार को हाईस्कूल भवन में किया गया। शुभारंभ के बाद शिक्षक कृष्ण कुमार दुबे ने मेगा बैठक के उद्देश्य की जानकारी देते हुए 12 बिंदुओं को पालकों को विस्तार से बताया। बैठक में विशेष अतिथि के रूप में रामसाय वर्मा, रघुनंदन चंद्रवंशी उपस्थित थे। व्याख्याता लुकेश वर्मा, खिलावन निर्मलकर, श्रीकांत कांडे ने मुख्य बिंदुओं के बारे में समझाया। अंत में आभार प्रदर्शन चोंवाराम भैंसारें ने किया।



**जेवरतला रोड।** संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन हाईस्कूल टटेंगा के सभाकक्ष में किया गया। बैठक में प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हायर सेकेंडरी स्कूल टटेंगा, जेवरतला, कसही, भरदा, हरदी के पालक, शिक्षक एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्य शामिल हुए। अध्यक्षता प्राचार्य आरके देवांगन ने की। मुख्य अतिथि जेवरतला महाविद्यालय के प्राचार्य एसआर खांडेकर थे। इस दौरान रमेश सोनवानी, टुमन साहू, उत्तमचंद साहू, शशिकला, राधिका देवांगन, बीएल देवांगन, ओमप्रकाश चुरेन्द्र, लिखन सरपा, लुतन साहू, हिमाचल साहू, आहिल्या भुआर्य, लीलेन्द्र देवांगन, एस वासनिक, फतनलाल देवांगन, नसीमा बेगम, रमेश हिरवानी, चन्द्रशेखर उर्वशा, बिमला साहू, शशिदास साहू, विनेश्वरी देवांगन, जया साहू, प्रियंका साहू, पुरषोत्तम उर्वशा, पुरषोत्तम वासनिक, बुधरू यादव, रिखी साहू, पेमिन साहू, प्रभा सुधाकर, कामनी, त्रिवेणी, सविता पटेल, रोशन गाँवरे, डिगे यादव, अश्वनी सुधाकर, भूपेंद्र साहू, संतोष देवांगन, डोमन ठाकुर मौजूद थे। संचालन श्री पाठक ने किया। अंत में शाला प्रांगण में पौधरोपण किया गया।

**मुरमुंदा।** संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन हायर सेकेंडरी स्कूल उरईडबरी में किया गया। इस दौरान नई शिक्षा नीति पर पालको के लिए प्रतियोगिता आयोजित किया गया। स्पर्धा में 6 प्राथमिक, 3 मिडिल, 1 हायर सेकेंडरी स्कूल के लगभग 90 पालक शामिल हुए। प्राथमिक शाला भरूहाटोला की भेदबाई वर्मा एवं वेनु वर्मा ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया।




**बछेराभाठा।** संकुल स्तरीय पालक शिक्षक बैठक का आयोजन करवारी शाला प्रांगण में किया गया। अध्यक्षता संकुल प्राचार्य वाय श्रीनिवास राव ने की। मुख्य अतिथि सरपंच नंदलाल नेताम, विशिष्ट अतिथि उत्तम चौरे, दुलार सिन्हा, पनेश्वर नेताम, गंगाराम साहू, केशर यादव थी। बैठक मे प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं पालकों को सम्मानित किया गया। छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। पालकों ने अपने विचार रखे। संकुल समन्वयक अमृतदास साहू द्वारा स्वागत उद्बोधन में बैठक के उद्देश्य की जानकारी दी। संकुल प्राचार्य श्री राव ने कहा कि हमें अच्छे परीक्षा परिणाम एवं बच्चों उज्जवल भविष्य के लिए शिक्षक पालक समन्वय स्थापित करना है। संचालन कन्हैयालाल अग्रवाल और संकुल समन्वयक अमृतदास साहू ने किया।



**सेंदरी।** संकुल स्रोत केन्द्र सेंदरी अंतर्गत हाईस्कूल सेंदरी में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल के पालक, जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक का शुभारंभ प्राचार्य किरण मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। हाईस्कूल के बच्चों ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। संकुल समन्वयक रत्तीराम कन्नौजे ने प्रस्तावना का वाचन किया। प्राचार्य श्रीमती मिश्रा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं मेगा बैठक की 13 बिंदुओं की जानकारी दी। एडवोकेट संध्या देशपांडे ने बाल संरक्षण अधिनियम एवं पाक्सो एक्ट के बारे में बताया। पूनाराम सिन्हा ने बाल संस्कार एवं जीवन कौशल, शिक्षक सुरेन्द्र वर्मा ने शैक्षणिक योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्राथमिक शाला भेलवाटोला के शिक्षक राजेन्द्र साहू ने जादुई पिटारा, दीक्षा एप्प, बालवाड़ी एवं अंगना में शिक्षा कार्यक्रम की जानकारी दी। त्रिवेणी यदु ने जादुई पिटारा का प्रस्तुतीकरण किया। किरण नरेडी ने नई शिक्षा पद्धति के बारे में बताया। नोडल अधिकारी केके सिंह, सरपंच कृष्णकुमार सिन्हा, सुरेश वर्मा, मंथीर साहू, चित्रकुमार साहू ने संबोधित किया। बैठक में प्रेमलाल गजेन्द्र, जीडी महिलांगे, हेमलाल वर्मा, गोकुल जंघेल, सतीश देवांगन, राजकुमार ठाकुर, नीलांबर चंद्रवंशी, आरबी शोरी, आलोक लारेंस, लेखराम वर्मा, लक्ष्मी डोंगरे, श्वेता तिवारी, कमलेश्वरी साहू, दुर्गेश्वरी साहू, अशोक साहू, रोहित देवांगन आदि शामिल हुए। संचालन रत्तीराम कन्नौजे एवं राजेन्द्र साहू ने किया।



# ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रीता ठाकुर को सोमनी क्षेत्र से अन्यत्र स्थानांतरित करने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से निवास में भेंट कर ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान ग्रामीणों की मांग पर डॉ. रमन सिंह ग्रा.कृ.वि.अ. को स्थानांतरित करने कृषि मंत्री को निर्देशित किया। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रीता ठाकुर को सोमनी से हटाने ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से सरपंच लता यादव, भाजपा ग्रामीण महामंत्री कृष्णा तिवारी, उपसरपंच पंकज तिवारी, शक्ति केंद्र संयोजक व पूर्व सांसद प्रतिनिधि रमन सिंह राजपूत, पूर्व सरपंच संतोष यादव, भाजपा नेता नेपाल साहू, बूथ अध्यक्ष देवेंद्र क्षत्री, अध्यक्ष जनकल्याण सामाजिक संस्थान योगेन्द्र प्रताप सिंह, ललित जंघेल, उमेश कुमार साहू, हेमलाल साहू, गिरवर साहू, पार्वती साहू, नरोत्तम बंजारे, ईश्वरलाल बंजारे, बुधराम पटेल, लवकुश देशमुख, लालदास साहू के नाम शामिल हैं।

सोमनी क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की लापरवाही, उदासीनता एवं निष्क्रियता के कारण शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ कृषकों को नहीं मिल पा रहा है। ग्रा.कृ.वि. अधिकारी ग्राम में निर्मित कृषक सलाहकार सूचना केन्द्र भवन में नहीं रहती है। ग्राम पंचायत द्वारा इसकी शिकायत कलेक्टर से पूर्व में की गई थी। उपसंचालक कृषि अधिकारी द्वारा 5 जुलाई को आदेश जारी कर शासकीय दायित्व के विपरीत एवं छग सिविल सेवा वर्गीकरण नियम के तहत अधिरोपित कर सेवा पुस्तिका में इंद्राज करने का आदेश दिया था। संयुक्त संचालक कृषि दुर्ग के आरके राठौर से भी शिकायत की गई थी। उन्होंने निर्देश जारी किया था, लेकिन अब तक पालन नहीं किया गया।



**कलेक्टर से करेंगे शिकायत**



भाजपा ग्रामीण के महामंत्री कृष्णा तिवारी ने बताया कि सोमनी क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रीता ठाकुर की शिकायत डॉ. रमन सिंह से की गई थी। उन्हें हटाने कृषि मंत्री को निर्देश दिया गया था। श्री तिवारी ने बताया कि ग्रा.कृ.वि.अधिकारी कृषक सलाहकार सूचना केंद्र भवन में ताला लटका हुआ है, वह वहां नहीं बैठती और न ही पंचायत भवन में बैठती है, बल्कि वह सोमनी सुनंदा जूता-चप्पल दुकान से कार्य को संचालित करती है। भाजपा ग्रामीण मंत्री श्री तिवारी ने इसकी जानकारी संयुक्त संचालक कृषि अधिकारी दुर्ग एवं उप संचालक कृषि अधिकारी राजनांदगांव को दी है। उन्होंने बताया कि सोमवार को पंचायत पदाधिकारीगण, कृषकों व भाजपा नेतागण कलेक्टर से भेंट कर कार्रवाई करने की मांग करेंगे।

# 11 अगस्त से हर घर तिरंगा अभियान शुरू करेगी भाजपा, चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भाजपा राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर 11 अगस्त से भाजपा शहर मण्डल हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत करेगी।

आजादी का जश्न मनाने और राष्ट्रप्रेम की अलख जगाने के उद्देश्य से भाजपा शहर मण्डल एवं युवा मोर्चा के तत्वावधान में 11 से 14 अगस्त तक पूरे शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इसका निर्णय शहर मण्डल की महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया की भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने सभी पदाधिकारियों से अभियान की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने बताया आज से सभी शक्ति केन्द्र पर बैठकें कर हर घर तिरंगा अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

वही मण्डल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि 12 एवं 13 अगस्त तक पार्टी के तमाम पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों के आस-पास स्वच्छता अभियान चलाएंगे एवं अमर बलिदानियों, महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करके उन्हें नमन करेंगे, इस दौरान सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जनता से संपर्क कर प्रत्येक घर एवं व्यवसायिक केंद्रों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाने के लिए उन्हें प्रेरित करेंगे। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनीराम साहू ने आगामी 13 अगस्त को भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा के संबंध में कार्यकर्ताओ को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया।

## विद्यार्थियों को आधार सीडिंग होना जरूरी

**राजनांदगांव।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल में पेमेंट फेलियर रिलेटेड विकल्प प्रदान किया गया है। इस विकल्प में असफल छात्रवृत्ति भुगतान वाले विद्यार्थियों की जानकारी कारण सहित उपलब्ध कराया गया है। साथ ही विद्यार्थियों के लागिन में भी छात्रवृत्ति भुगतान संबंधी जानकारी भी अपडेट की गई है।

पेज 11 का शेष

## बालिका छात्रावास में ...

वालेंटियर्स द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ताला में विधिक जागरुकता शिविर के माध्यम से मौलिक अधिकार व कर्तव्य एवं विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम की जानकारी प्रदान की गई।

### श्रद्धा भक्ति का रहा माहौल, मंदिरों में भक्तों की भी रही उपस्थिति

# नागपंचमी पर अखाड़ों में विशेष पूजा-अर्चना, किया शौर्य प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नागपंचमी के अवसर पर हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभक्ति का माहौल रहा। इस मौके पर जहां मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। वहीं अखाड़ों में विशेष पूजा-अर्चना कर शौर्य प्रदर्शन किया गया। नागपंचमी पर्व पर अंचल में श्रद्धाभक्ति का माहौल रहा। इस मौके पर ग्रामीण इलाकों में ग्रामीणों ने खेत-खलिहानों में जाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर फसल की सुरक्षा एवं मंगल कामना की। इसके साथ ही विविध कार्यक्रमों का भी सिलसिला जारी रहा।

इधर इस पर्व पर कई कांवडियों ने सुबह के समय कांवड यात्रा निकालकर शिव नदी से जल लाकर मंदिरों में अभिषेक किया। मंदिरों में सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों की उपस्थिति रही। शहर के विभिन्न वार्ड एवं मोहल्लों में सपेरे अपने साथ नाग सांप लेकर भी पहुंचे। जिसका दर्शन कर लोगों ने पूजा-अर्चना कर मंगल कामना की।





**उस्तादों का हुआ सम्मान**

शहर में अखाड़ों में नागपंचमी पर्व को लेकर विशेष तैयारियां की गई थी। सुबह से ही अखाड़ों में विधि-विधान से शस्त्र की पूजा-अर्चना की गई एवं उस्तादों का सम्मान कर आशीर्वाद लिया गया। इस मौके पर शौर्य प्रदर्शन भी अखाड़ा के खिलाड़ियों ने किया। सुबह से देर शाम तक अखाड़ा का प्रदर्शन किया गया। शहर के श्री बाली अखाड़ा व व्यायाम शाला के खिलाड़ियों ने शोभायात्रा निकालकर जमकर प्रदर्शन किया।

**निकली शोभायात्रा**

नागबेल बरई तम्बोली समाज केन्द्र क्र. 1 के तत्वावधान में नागपंचमी महोत्सव का आयोजन श्री सांई मंदिर भवन जनता कालोनी लखोली रोड में किया गया। सुबह 10 से 2 बजे तक भगवान नागदेव की पूजा-अर्चना पश्चात प्रसादी वितरण एवं भोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा दोपहर 3 बजे से सभी वर्ग के लिए खेल प्रतियोगिता एवं सम्मान कार्यक्रम रखा गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों की उपस्थिति रही। वहीं चौरसिया समाज द्वारा महालक्ष्मी मंदिर भवन में विधि-विधान से पूजा-अर्चना सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। बाजे-गाजे के साथ समाज के लोगों ने भव्य शोभायात्रा भी निकाली।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नवागढ़ जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ... / अ-2 वर्ष 2023-24

आवेदक राजेशकुमार यादव पिता पुनवासी यादव निवासी रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) ने ग्राम चिचोली प.ह.नं. 20 तहसील नांदघाट, जिला बेमेतरा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 436/3 रकबा 0.56 हेक्टेयर को आवासीय सह व्यावसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति पेश करना हो तो अपनी आपत्ति दिनांक 30.08.2024 तक/ पूर्व न्यायालय में पेश कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 05.08.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नवागढ़ जिला बेमेतरा (छ.ग.)**



## खबर संक्षेप

### विधायक भेड़िया ने गोविंद को बनाया अपना प्रतिनिधि

**डौंडीलोहारा।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 की विधायक श्रीमती अनिला भेड़िया ने जनपद पंचायत क्षेत्र के लिए किसान नेता गोविंद चंद्राकर को जनपद पंचायत डौंडीलोहारा का विधायक प्रतिनिधि बनाया है। नियुक्ति से क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर श्री चंद्राकर पूर्व मंडी अध्यक्ष भोलाराम देशमुख ,जनपद सदस्य राजाराम तारम, जनपद सदस्य राजकुमार प्रभाकर सहित अन्य ने शुभकामनाएं दीं हैं।

### मिशन संचालक ने पतोरा गांव का किया भ्रमण

**दुर्ग।** राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), नवा रायपुर के द्वारा जिला दुर्ग के राष्ट्रीय हरित अधिकरण अंतर्गत अधिसूचित ग्राम पंचायत पतोरा का भ्रमण किया गया। मिशन संचालक जयश्री जैन ने भ्रमण के दौरान ग्राम पंचयत पतोरा में निर्मित सेग्रीगेशन वर्कशेड, फिकल स्लज ट्रिटमेंट प्लांट, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई एवं ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु निर्मित अन्य संरचनाओं का अवलोकन किया गया। संध्या कुर्रे ध्रुव, सहायक परियोजन अधिकारी, जिला पंचायत दुर्ग के द्वारा मिशन संचालक, राज्य स्वच्छ भारत मिशन को निर्माण कार्यो के संबंध में जानकारी दी गई। क्षेत्रीण भ्रमण के पश्चात ग्राम पंचायत में संधारित किये गये दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। मिशन संचालक द्वारा ग्राम पंचायत पतोरा में सामुदायिक शौचालय के समीप निर्मित टायलेट क्लिनिक व अन्य निर्माण की सराहना की गई। भ्रमण के दौरान अभिलाषा आनंद, राज्य सलाहकार, राज्य स्वच्छ भारत मिशन, मुकेश कोठारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पाटन, गिरीश माथुरे, जिला समन्वयक, राजेश तांडेकर, जिला सलाहकार, नीलमणी चंदेल, विकासखंड समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन, सौरभ कुमार, जिला समन्वयक, वाटरएड इंडिया दुर्ग, मनोज बनिक, वाटरएड इंडिया दुर्ग एवं अंजीता गोपेश साहू सरपंच, महेन्द्र साहू, सचिव, ग्रा.पं. पतोरा उपस्थित रहे।

### नलघर व गंज मंडी कॉम्प्लेक्स की दुकान से हटेगा आरक्षण

**दुर्ग।** नगरनिगम के सभागार में एमआईसी की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए है। जिसमें सबसे बडी राहत गंज मंडी और नलघर में बने दुकानों को लेकर लिया गया है। दोनो जगह बने दुकानों के आबंटन में आरक्षण को हटाकर सामान्य कर दिया गया है। इसके आलावा डपिंग कचरे के निष्पादन के लिए निजी कंपनी को पांच एकड जगह उपलब्ध कराने पर सहमति बनी है। बैठक में 17 एजेंडों पर बारी-बारी चर्चा की गई। सभी विषयों पर विचार विमर्श कर एजेंडावार निर्णय लिया गया। महापौर धीरज बाकलीवाल की अध्यक्षता में निगम द्वारा विकास कार्यों एवं जनहित पर चर्चा उपरांत अनेक प्रस्ताव पारित किए गए। बाजार विभाग द्वारा प्रस्ताव अनुसार नलघर एवं गंजमंडी शॉपिंग काम्प्लेक्स का बार-बार निविदा जारी उपरांत आरक्षण के कारण दुकानों की बिक्री नही हो पा रही थी। जिसे लेकर बैठक में आरक्षण को सामान्य किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है। दोनो जगह में बने दुकानों की नीलामी हो जाने से निगम के खजाने में 16 करोड रुपए की राजस्व प्राप्त होगा।

## आयोजन : संकुल केन्द्र सहसपुर में बैठक का हुआ आयोजन, जरूरी विषयों की दी गई जानकारी

# पालक-शिक्षक मेगा बैठक में 12 बिन्दुओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर



विगत दिनों शिक्षा संकुल केन्द्र सहसपुर में मेगा पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें संकुल क्षेत्र के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्कूल छात्रों के पालक एवं शिक्षकगण शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग रेंज के साइबर सेल प्रभारी डॉ. संकल्प राय व विक्रम सिंह राजपूत थे।

विशिष्ट अतिथि स्वास्थ्य विभाग से डॉ. राजीव तिवारी एवं महिला-बाल कल्याण विकास विभाग बेमेतरा से चाइल्ड काउंसलर व फील्ड वर्कर कुमारी इंद्राणी सिंह उपस्थित रही।कार्यक्रम में शिक्षा संकुल समन्वयक एमडी साहू द्वारा सभी अतिथियों को स्वागत किया गया। इसके अंतर्गत संकुल के एक-एक शिक्षकों से 12 बिंदुओं पर क्रमवार चर्चा कर सभी को अवगत कराया गया। साथ ही बच्चों की पढ़ाई हेतु उचित वातावरण स्थापित करना, अभिभावक की सहभागिता सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के समापन पर संकुल प्रभारी-यतेन्द्र सिंह पाल एवं एमडी साहू द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सभी के द्वारा आभार प्रकट किया गया।

इस दौरान सभी को अतिथि संकल्प रॉय द्वारा साइबर क्राइम के बारे में विस्तार से बताया गया। जिसमें आमजनों को स्टॉक मार्केट, शेयर बाजार, इन्वेस्ट मनी, जॉब-नौकरी के झांसे सहित विभिन्न ऑनलाइन ठगी के शिकार होने के तरीके व बचने के उपाय की जानकारी दी गयी। साथ ही अनजान व्यक्ति को व्यक्तिगत व निजी जानकारी किसी को शेयर न करने की हिदायत दी गई।

इसी तरह विक्रम सिंह राजपूत द्वारा भी जानकारी प्रदान की गई। शाइस्ता परवीन द्वारा गुड एवं बैड टच संबंधित जानकारी, बाल विवाह, नोनी सुरक्षा व पाक्सो एक्ट के संबंध में विस्तृत चर्चा कक गयी। जबकि कुमारी इंद्राणी सिंह द्वारा 1098 पर कॉल करके वित्तीय सहायता प्राप्त करने, विधवा पेशन, बाल सुरक्षा के संबंध एवं डॉ. राजीव तिवारी द्वारा बच्चों के याददाश्त व कमजोर होने एवं भूलने की बीमारी को दूर करने के तरीके बताकर फोलिक एसिड लेने की सलाह दी गई। इस अवसर पर सभी शिक्षकगण व पालकगणों की उपस्थिति रही।




### बेरला संकुल में हुई पालक-शिक्षक मेगा बैठक

**बेमेतरा/बेरला।** प्राथमिक शाला बेरला में संकुल स्तरीय मेगा बैठक आयोजन हुआ। इसमें शासन द्वारा दिशा-निर्देशों को सभी पालक, जनमानस तथा बच्चों को सम्मान कर विषयवार शिक्षकगणों द्वारा अपने अपने विषयों को बताया गया। इसमें प्रधानपाठक- पूर्णिमा दास, सेखू परगनिहा, यसपाल राजपूत, हेमचंद, दीक्षा देवांगन, भूपेंद्र परगनिहा, जनप्रतिनिधि-अमृत लाल महेश्वरी, पार्षद-जित्तू जैन, मानक चतुर्वेदी, संतोष साहू, शिवझड़ी सिन्हा, राघव सिन्हा, पुखराज सोनी, योगन चौहान, पूर्व शिक्षक पीआर सिन्हा, भगवत प्रसाद ठाकुर सहित समस्त मैडम उपस्थित थीं।




# प्रशिक्षण में शामिल हुए जिले के तीन शिक्षक

**बेमेतरा।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के द्वारा 7 एवं 8 अगस्त को राज्य स्तरीय उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। जिसमें जिले से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा की साक्षरता प्रभारी व वरिष्ठ व्याख्याता सुश्री उषा किरण पांडेय, शासकीय हाईस्कूल लावातरा के व्याख्याता भुवन लाल साहू एवं शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ की नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा राज्य स्रोत शिक्षक के रूप में शामिल हुए। प्रशिक्षण में असाक्षरों को साक्षर बनाने में स्रोत शिक्षक एवं स्वयंसेवी शिक्षकों की भूमिका, पाठ योजना निर्माण, वातावरण निर्माण, नवाचारी गतिविधियां, सहायक शिक्षण सामग्री, आकलन एवं मूल्यांकन आदि की जानकारी दी गई। व्यक्ति , समुदाय और देश के लिए साक्षरता की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए असाक्षरों को साक्षर करने की प्रारंभ से लेकर अंत तक की प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। वर्तमान में राज्य में असाक्षरों का सर्वे कर तथा उन्हें साक्षर करने हेतु स्वयंसेवी शिक्षकों का चयन कर उल्लास पोर्टल में पंजीयन की प्रक्रिया चल रही है। उसके बाद इन स्वयं सेवी शिक्षकों को अगस्त माह के अंत तक मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। एससीईआरटी के संचालक राजेंद्र कुमार कटारा के द्वारा समस्त राज्य स्रोत शिक्षकों को असाक्षरों को शिक्षित करने हेतु स्वयं से शुरुआत करने हेतु प्रेरित किया गया। इस यात्रा पर निकलने वाले शिक्षार्थी न केवल पढ़ना और लिखना सीखते हैं, बल्कि अपने जीवन और अपने आजीविका और अपने समुदाय में महत्वपूर्ण बदलाव लाने में भी सक्षम होते हैं। पढ़ा गया प्रत्येक शब्द, गणना की गई प्रत्येक संख्या और समझा गया प्रत्येक विचार उन्हें उनके सपनों के एक कदम करीब लाता है और भविष्य में भी ऐसा करना जारी रखेगा।

### असाक्षरों से मित्रवत व्यवहार कर सिखाएं: रथ

अतिरिक्त संचालक जेपी रथ ने कहा कि असाक्षरों के पास कोई लक्ष्य नहीं होता। इसलिए उन्हें सीखना थोड़ा चुनौतीपूर्ण कार्य है। यह बताते हुए उनसे मित्रवत व्यवहार करते हुए सिखाने पर जोर दिया। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के असिस्टेंट डायरेक्टर प्रशांत पांडेय के द्वारा आगामी प्रशिक्षणों की रूपरेखा की विस्तृत जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में जिले से शामिल तीनों राज्य स्रोत शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही।

## हाईस्कूल के छात्राओं को साइकिल का वितरण

**बेमेतरा/बेरला।** सरस्वती साइकिल योजना में गुरुवार को शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय आनंदगांव मे साइकिल वितरण किया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सूर्यकांत नायक मुख्य अतिथि के रूप मे सम्मिलित हुए। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष द्वारा शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों व विद्यालय के स्टॉप के सभी सदस्यों के साथ शाला विकास के लिए बैठक की। तत्पश्चात स्कूल के 9वीं कक्षा के बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया।

- आनंदगांव में शाला विकास समिति की मौजूदगी में बांटा गया

शाला विकास प्रबन्धन समिति अध्यक्ष सूर्यकांत नायक ने कहा कि राज्य सरकार विकास की गंगा बहा रही है। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लगातार क्षेत्रवासियों को सीधे तौर पर लाभ देने का काम किया जा रहा है। भाजपा युवा मोर्चा भिंभौरी मंडल महामंत्री पोषण निर्मलकर ने कहा की साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र -छात्राओं को अब आने जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होंगी। बच्चे मन लगाकर पढ़े, यही छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार की सोच है। इसमें बच्चे उत्साहित होंगे तथा शिक्षण कार्य मे सुधार होगा। विद्यालय प्राचार्य भारती ने छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान शाला प्रबंधन समिति के सदस्य कौसल वर्मा चमन लाल पांडे, केदार वर्मा मनोज साहू गुलजारी साहू पार्वती साहू शाला स्टॉप से मंडले, मनोज वर्मा, मदनलाल साहू, पवन साहू, गायकवाड़, बीपी बानी व समस्त शिक्षक, शिक्षिका व विद्यालय के छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

### हरिभूमि से चर्चा के दौरान प्रदेश महामंत्री जगजीश ने पूर्व कांग्रेस सरकार पर लगाए आरोप

# करप्शन में जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही भाजपा सरकार : रोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



विधानसभा चुनाव 2023 के 6 महीने पहले छत्तीसगढ़ की क्या स्थिति थी। यह सभी को पता है। कांग्रेस ने प्रदेश को भ्रष्टाचार और अपराध का गढ़ बना दिया था। जनता त्रस्त थी। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद सीएम साय ने मोदी की गारंटी के तहत जितने भी वादे किए थे, उन सभी को पूरा करने की दिशा में लगातार आगे कदम बढ़ा रही है। उक्त विचार गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री जगजीश रामु रोहरा बेमेतरा के प्रवास के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने जिला भाजपा की बैठक ली,जिसके पश्चात जनसंघ के सस्थापक सदस्य स्व गोपाल दास मोटवानी के परिजनों से मुलाकात की। इसी बीच उन्होंने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कही।

इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पिछले 7 महीने में किए गए बीजेपी सरकार के काम और उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार करप्शन के मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। कांग्रेस के समय में आबकारी में जो नियम बनाए गए थे, जिसके कारण शराब घोटाला हुआ। हमने उन नियमों को हटाकर नए नियम बना दिए ताकि भ्रष्टाचार का कोई स्त्रोत ही ना बचे। सारे ऑफलाइन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए हम उन्हें ऑनलाइन कर रहे हैं।

श्री रोहरा ने कहा मोदी की गारंटी के अनुसार हमने कहा था कि सरकार बनते ही हम 18 लाख जरूरतमंदो को आवास देंगे। 13 दिसंबर को विष्णु सरकार ने शपथ लिया और 14 दिसंबर को ही पहली कैबिनेट बैठक की। जिसमें 18 लाख से ज्यादा पीएम आवास योजना के अंतर्गत आवासों की स्वीकृति प्रदान की। किसान भाइयों से हमारा वादा था। जिसे पूरा करते हुए हमने 2 साल का बकाया बोनस 3 हजार 716 करोड़ रुपए उन्हें भुगतान किया। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत हम प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए के रूप में सालाना 12 हजार रुपए का भुगतान कर रहे हैं। इतना ही नहीं आदिवासियों के हित में हमने कई अहम फैसले लिए हैं। तेंदूपत्ता खरीदी की राशि 4 हजार रुपए से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपए प्रति बोरा कर दिया है।

उन्होंने ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को दूरस्थ अंचलों तक पहुंचाने के लिए भी भाजपा सरकार विशेष कदम उठा रही है। वहीं श्री रोहरा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा कि वे प्रदेश में भ्रम फैलाने की राजनीति करने में उतारू हो गए हैं। इस अवसर पर सिंधी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश शीतलानी,सुरेंद्र मोटवानी, मोती पिंजानी, अनिल माखीजा, वरिष्ठ भाजपा नेता सूर्यकांत ठाकुर, भाजयुमो जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष योगेश वर्मा, सुनील राजपूत, दीपक मोटवानी शिवम तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## तिरंगा अभियान के जरिए राष्ट्रता की अलख है जगाना : प्रदेश महामंत्री रोहरा

**बेमेतरा।** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्रा के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के प्रदेश महामंत्री जगजीश रामु रोहरा शामिल हुई। दौरान कार्यकर्ताओं को स्वतंत्रता दिवस से पहले घर-घर तिरंगा झंडा पहुंचाने का लक्ष्य दिया गया। अभियान को सफल बनाने के लिए मंडल स्तर पर प्रभारी नियुक्त किए गए। प्रदेश महामंत्री रोहरा ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य हर घर तिरंगा- तिरंगा यात्रा अभियान को भव्य स्वरूप प्रदान करना है।

- भाजपा कार्यालय में हुई जिला कार्य समिति की बैठक

कुछ वर्षों से पार्टी के कार्यकर्ता देशवासियों के साथ मिलकर हर्षोल्लास के साथ राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के संकल्प को प्रतिबद्धता के साथ हर घर तिरंगा-तिरंगा यात्रा के कार्यक्रमों के माध्यम से मनाते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को लेकर ऐसा उल्लास और उमंग हमें एक दूसरे से जोड़ता है। हम इस अभियान के माध्यम से लोगों के मन में देश के प्रति राष्ट्रभाव की अलख जगाना चाहते हैं, खासकर छोटे बच्चों के माध्यम से तिरंगा लगवाना बहुत ही प्रेरक होगा, ताकि बच्चों के मन में बचपन से ही देश के प्रति लगाव और राष्ट्रभाव जाग सके। इस अभियान का संचालन बेहतर ढंग से हो सके, इसका हमें चिंतन करना है। समस्त कार्यक्रमों को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित भी करना है। साथ ही साथ विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को 14 अगस्त को मनाना है, ताकि लोगों को पता चल सके कि विभाजन की दर्द क्या था। केबिनेट मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा हर घर तिरंगा- तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम बूथ स्तर तक करना है। प्रत्येक बूथ में 50 तिरंगा ध्वज लगाने का लक्ष्य है। बैठक को बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, जिला प्रभारी व पूर्व सांसद लखनलाल साहू, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा आदि ने भी सम्बोधित किया।



### सहकारी समिति में लगाए गए फलदार पौधे

**देवकर।** सेवा सहकारी समिति सहसपुर में शुक्रवार को विभिन्न फलदार पौधों का रोपण किया गया । इस कार्यक्रम में ग्राम के किसान एवं अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि शामिल हुए, जहां प्रमुख रूप से सेवा सहकारी समिति के सहायक समिति प्रबंधक खेलावन राजपूत, ग्राम के सरपंच उपेंद्र हंसा, परपोडी मंडल भाजपा ओबीसी मोर्चा के महामंत्री संतोष साहू, नेतराम साहू, गौकरण साहू, बीरबल हंसा, भोलाराम साहू, राम सिंह यादव, हर्षित साहू अन्य उपस्थित थे।




# मुख्यमंत्री ने तुषार को अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित नयापारा में युवा कार्यकर्ता तुषार साहू के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने तुषार साहू के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने तुषार साहू के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने संबल प्रदान किया।

- शहर के नयापारा स्थित घर में पहुंचे साय




उन्होंने परिजनों को ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि हम सब दुख की इस घड़ी में उनके साथ खड़े हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि तुषार साहू के निधन से प्रदेश ने एक होनहार और कर्मठ कार्यकर्ता, समाजसेवी युवा को खो दिया है। उनका समर्पण और सेवाकार्य हमेशा याद किया जाएगा। 21 वर्षीय तुषार साहू ज़िला युवा मोर्चा मंडल के महामंत्री थे। जिनकी 4 अगस्त को कवर्धा ज़िले के बोडला स्थित रानीदहरा जलप्रपात में नहाने के दौरान डूबने से मृत्यु हो गयी थी। वे उपमुख्यमंत्री अरुण साव के भांजे थे।

### शांति के लिए की प्रार्थना

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में स्थानीय नेताओं, गणमान्य नागरिकों और तुषार साहू के करीबी मित्रों ने भी उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा के प्रति सम्मान प्रकट किया। सभी ने तुषार साहू के योगदान को याद करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

